# आदेश पत्रक

(देखें अभिलेख हस्तक, 1941 का नियम 129 )

आदेश पत्रक सं0– ............................................................ से ..................................................

जिला – गिरिडीह, अंचल – धनवार, विविध वाद सं0– 42 / सन–2024– 25

केस का प्रकार – विविध वाद

| आदेश का क्र0 सं0 और तारिख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 22.05.2025 | –:आदेश: –<br>यह विविध वाद अभिलेख सं0– 42 / 2024– 25 उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, गिरिडीह के पत्रांक– 702 / गो0, दिनांक– 20.02.2025 के द्वारा प्राप्त आवेदक कैलाश साव, पिता– स्व0 मेघन साव, साकिन– नावाडीह, थाना– धनवार, जिला– गिरिडीह का आवेदन के आलोक में अंचल निरीक्षक, धनवार के माध्यम से राजस्व उपनिरीक्षक हल्का सं0– 05, श्री कंचन कुमार के द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन के आधार पर संधारित किया गया है।<br>जाँच प्रतिवेदन अनुसार आवेदक कैलाश साव पिता स्व0 मेघन साव, साकिन– नावाडीह पंचायत केन्दुआ थाना धनवार जिला गिरिडीह ने ग्राम– नावाडीह, थाना नं0– 257, खाता सं0– 04 अन्तर्गत क्रमशः रकवा 40 डी0 + 40 डी0 कुल 80 डी0 कुल (अस्सी डिसमिल) भूमि की ऑनलाईन जमाबंदी कायम करने हेतु परिशोधन पोर्टल आवेदन किया है। बार – बार माँग करने बावजूद आवेदक के द्वारा जरूरी राजस्व कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया है। आवेदक के द्वारा भौतिक पंजी– II सत्यापित प्रति की छाया प्रति संलग्न किया गया है। प्रश्नगत भूमि की भौतिक पंजी– II का Page no. – 317, Vol no. – 3 है। उन्होंने संबंधित भूमि की ऑनलाईन जमाबंदी कायम करने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है।<br>जाँच प्रतिवेदन तथा अनुशंसा के आलोक में मौजा– नावाडीह / 257 के भौतिक पंजी– II के भाग सं0– III पृष्ठ सं0– 317 में कायम जमाबंदी के अनुरूप ऑनलाईन पंजी– II में जमाबंदी कायम करने के निमित आम इस्तेहार निर्गत कर आपत्ति की मांग की गई। निर्धारित तिथि तक किसी के द्वारा कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है।<br>संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक / अंचल निरीक्षक / अंचल अमीन, धनवार से मापी –सह– दखल – कब्जा प्रतिवेदन प्राप्त है। मापी में वादगत भूमि पर जमाबंदी रैयत के जीवित वारिशानों का शांतिपूर्ण दखल – कब्जा प्रतिवेदित किया गया है।<br>राजस्व उपनिरीक्षक, हल्का सं0– 5, श्री कंचन कुमार / अंचल अमीन / अंचल निरीक्षक, धनवार से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं मापी– सह– दखल– कब्जा संबंधित प्रतिवेदन तथा आम इस्तेहार के उपरान्त कोई आपत्ति अप्राप्त रहने की स्थिति में अंचल धनवार अन्तर्गत मौजा– नावाडीह / 257 के भौतिक पंजी– II के भाग सं0– III पृष्ठ सं0– 317 में कायम जमाबंदी के अनुरूप ऑनलाईन पंजी– II में उक्त जमाबंदी को कायम करने का आदेश दिया जाता है।<br>लेखापित एवं संशोधित।<br><br>अंचल अधिकारी,<br>धनवार।<br><br>अंचल अधिकारी,<br>धनवार। | |

Digitally signed by Gulzar Anjum
Date: 2025.05.22 14:27:11 +05:30
Location: 192.168.149.66